एनएचपीसी NHPC

एक नवरत्न कंपनी

# अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से...




**1 नवम्बर, 2025**

**प्रिय साथियो,**

मुझे यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि एनएचपीसी के लिए विगत माह बेहद ही खास रहा है, जिसमें हमने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं- जो हमारे सामूहिक समर्पण, तकनीकी उत्कृष्टता और अनेक चुनौतियों के बावजूद प्रगति के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस माह दिनांक 17.10.2025 को नए निदेशक (वित्त) ने पदभार ग्रहण किया। एनएचपीसी परिवार की ओर से, मैं श्री महेश कुमार शर्मा का निदेशक (वित्त), एनएचपीसी के रूप में हार्दिक स्वागत करता हूँ।

मुझे यह अवगत कराते हुए खुशी हो रही है कि हमने दिनांक 24 अक्टूबर 2025 को अपनी प्रमुख 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की यूनिट-I (250 मेगावाट) की सफल वेट कमीशनिंग करते हुए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मैं परियोजना टीम और पूरे एनएचपीसी परिवार को बधाई देता हूँ। यूनिट-I की सफल वेट कमीशनिंग से अब राष्ट्रीय ग्रिड के साथ इसके सिन्क्रनाईजेशन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान परियोजना की चारों यूनिटों को चालू करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। मैं पूरी परियोजना टीम से यह आग्रह करता हूँ कि वे कार्य को लेकर प्रेरित रहे और निर्धारित समय-सीमा के प्रति प्रतिबद्ध रहे।

मुझे यह बताते हुए भी प्रसन्नता हो रही है कि दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को जिला बीकानेर के करणीसर भाटियान में स्थित 300 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना की शेष 85.72 मेगावाट की सफल कमीशनिंग के साथ अब पूरी परियोजना चालू हो गई है। यह ऐतिहासिक परियोजना 'मेक इन इंडिया' पहल का प्रमाण है, जिसका निर्माण पूर्णतः 100% स्वदेशी स्तर पर निर्मित सौर पीवी मॉड्यूलो से किया गया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सम्पूर्ण टीम को मेरी हार्दिक बधाई।

इस माह के दौरान मैंने हमारी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। यद्यपि इन परियोजनाओं का प्रगति कार्य सुचारु रूप से चल रहा है, फिर भी हमें परियोजना निर्माण संबंधी लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने तथा समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने के लिए अधिक केन्द्रित तथा लक्ष्योन्मुख होने की आवश्यकता है। वर्तमान समय में ऊर्जा क्षेत्र अत्यधिक प्रतिस्पर्धी हो गया है। यह आवश्यक है कि हम अपने हितधारकों और एनएचपीसी के सर्वोत्तम हित में अपनी परियोजनाओं को समय पर पूरा करें। मैं हमारी सभी परियोजना टीमों से आग्रह करता हूँ कि वे अपना सर्वोत्तम प्रयास करते हुए निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति में तेजी लाने का प्रयास करें।

**इस माह की अन्य प्रमुख उपलब्धियां :**

- अक्टूबर 2025 माह में एनएचपीसी का राजस्व 832.87 करोड़ रूपए रहा है।
- अक्टूबर 2025 माह में कुल विद्युत उत्पादन 1853 मिलियन यूनिट और अक्टूबर 2025 तक संचयी विद्युत उत्पादन 18737 मिलियन यूनिट रहा है।
- राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत, साइबर अपराध प्रकोष्ठ, फरीदाबाद ने दिनांक 6 अक्टूबर 2025 को एनएचपीसी कार्मिकों के लिए साइबर सुरक्षा पर ज्ञानवर्धक और संवादात्मक जागरूकता सत्र आयोजित किया। इस अवसर पर, एनएचपीसी कार्मिकों के लिए विशेष रूप से विकसित साइबर सेफ एआई चैटबॉट का शुभारंभ भी किया गया।
- विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में, एनएचपीसी व्याख्यान श्रृंखला - "प्रेरणा" के अंतर्गत, दिनांक 10 अक्टूबर 2025 को "मानसिक स्वास्थ्य" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। श्रीमती शुभ्रता प्रकाश, आयकर आयुक्त, दिल्ली व प्रसिद्ध लेखिका ने इस विषय पर अपने बहुमूल्य विचार और व्यक्तिगत अनुभव साझा किए।
- "स्वच्छता ही सेवा 2025 - अभियान 5.0" के अंतर्गत, 16 अक्टूबर 2025 को फरीदाबाद स्थित मिरेकल चैरिटेबल सोसाइटी में अनाथालय के बच्चों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।
- एनएचपीसी स्पोर्ट्स स्कालर सुश्री नीरू पाठक ने रांची में आयोजित साउथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में दो स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया।
- एनएचपीसी की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहलों के अंतर्गत, माता पूर्णागिरी मंदिर आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए टनकपुर के चूका ग्राम में यात्री निवास की आधारशिला रखी गई। इसके अतिरिक्त, श्री पुष्कर सिंह धामी, माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड द्वारा दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को टनकपुर पावर स्टेशन के मुख्य द्वार से पाटनी तिराहा बनबसा तक सड़क मरम्मत कार्य एवं दो कक्षाओं के कक्षों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।
- 15वें पीआरसीआई एक्सिलेंस अवॉर्ड 2025 में, एनएचपीसी को अपने कॉर्पोरेट ब्रोशर के लिए रजत पुरस्कार और वार्षिक रिपोर्ट के लिए कांस्य पुरस्कार तथा कॉमिक बुक "जल से ज्योति" के लिए सम्मान प्राप्त हुआ।
- एनएचपीसी 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक "सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी" विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना रही है। इस दौरान निबंध लेखन, वाद-विवाद, काव्य पाठ, नुक्कड़ नाटक, वॉकथॉन, कवि सम्मेलन और चित्रकला जैसी अनेक आकर्षक गतिविधियां एनएचपीसी के विभिन्न कार्य स्थलों पर आयोजित की जा रही हैं।
- हिंदी पखवाड़ा 2025 का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम दिनांक 9 अक्टूबर 2025 को निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में आयोजित किया गया।

जैसे कि हम दिनांक 7 नवंबर 2025 को अपना 51वां स्थापना दिवस मनाने की तैयारी कर रहे हैं, आइए हम नवीकरणीय ऊर्जा के दोहन के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता को पुनः दृढ़ करें ताकि एक सतत व उज्ज्वल भविष्य का निर्माण किया जा सके। आइए, हम सब मिलकर अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें और निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय पर पूरा करके, एनएचपीसी को जलविद्युत एवं स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्रों में और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करें।

आइए, हम सभी मिलकर अपने कार्यस्थल और जीवन को पर्यावरण के प्रति अधिक जिम्मेदार बनाएं; जल की हर बूंद बचाएं, बिजली का समझदारी से उपयोग करें, एकल-उपयोग प्लास्टिक को "ना" कहें, और स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं। यही सच्ची ऊर्जा है, यही एनएचपीसी की वास्तविक भावना है।

मैं आपको और आपके परिवार को गुरुनानक जयंती के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

आपका,

भूपेन्द्र गुप्ता

**(भूपेन्द्र गुप्ता)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**

A Navratna Company

# From CMD's Desk…




**1st November, 2025**

**Dear Colleagues,**

I am pleased to share that last month has been truly exceptional for NHPC, marked by remarkable milestones that embody our collective dedication, technical excellence and unwavering commitment to progress despite of all challenges. During this month, new Director (Finance) assumed the charged on 17.10.2025. On behalf of entire NHPC family, I would like to welcome Shri Mahesh Kumar Sharma as Director (Finance), NHPC.

I am delighted to share that we have achieved a significant milestone with the successful Wet Commissioning of Unit-I (250 MW) of our flagship 2000 MW Subansiri Lower Hydroelectric Project on 24th October 2025. I congratulate the Project Team and the entire NHPC family as well. The successful wet commissioning of Unit-I now paves the way for its synchronization with the national grid. All efforts are being made for commissioning four Units of the project during the current financial year. I urge the entire project team to remain motivated and be committed towards the timeline.

I am also delighted to share that with the successful commissioning of balance 85.72 MW on 16th October 2025, the entire 300 MW of Solar Power Project at Karnisar Bhatiyan, District Bikaner, stands commissioned. This landmark project stands as a testament to the 'Make in India' initiative, being constructed entirely with 100% domestically manufactured Solar PV Modules. My heartfelt congratulations to the entire team for this remarkable accomplishment.

During the month I reviewed the progress of our projects. Though the work at these projects is progressing well, we need to be more focused and goal oriented to ensure timely achievement of project milestones and adherence to the timeline. In present era Energy sector has become highly competitive. It is essential that we complete our projects on time in the best interest of our stakeholder and NHPC as well. I urge all our project teams to put in best endeavor and accelerate progress of ongoing construction projects.

**Other major highlights of the month are:**

- In October 2025, NHPC's revenue stood at Rs 832.87 crore.
- The total generation for the month of October 2025 was 1853 MU and cumulative generations up to October 2025 was 18737 MUs.
- The Cybercrime Cell, Faridabad conducted an insightful and interactive Awareness Session on Cyber Security for NHPC employees on 6th October 2025, as part of National Cyber Security Awareness Month. During the session, the Cyber Safe AI Chatbot, developed specifically for NHPC employees, was also launched.
- To commemorate World Mental Health Day, under the aegis of the NHPC Lecture Series – "Prerana", a lecture on *"Mental Health"* was organized on 10th October 2025. Smt. Shubhrata Prakash, Income Tax Commissioner, Delhi and renowned author, shared her valuable insights and personal experiences on the subject.
- As part of the "Swachhata Hi Seva 2025 - Abhiyan 5.0" campaign, a free medical check-up camp for orphanage children at Miracle Charitable Society, Faridabad was organized on 16th October 2025.
- NHPC Sports Scholar Ms. Neeru Pathak brought glory to the nation by winning two Gold Medals at the South Asian Athletes Championships 2025 held in Ranchi.
- Under NHPC's CSR initiatives, the foundation stone of a Yatri Niwas at Chuka village, Tanakpur, was laid for the convenience of pilgrims visiting the Mata Purnagiri Temple. Additionally, the inauguration of road repair work from the main gate of Tanakpur Power Station to Patni Tiraha Banbasa, and the construction of two classrooms, was carried out by Hon'ble Chief Minister of Uttarakhand, Shri Pushkar Singh Dhami, on 16th October 2025.
- At the 15th PRCI Excellence Awards 2025, NHPC received Silver Award for its Corporate Brochure and Bronze Awards for its Annual Report and recognition for its comic book "Jal Se Jyoti."
- NHPC is observing Vigilance Awareness Week from 27th October to 2nd November 2025 with the theme *"Vigilance: Our Shared Responsibility."* The week features engaging activities such as essay writing, debates, poetry recitation, Nukkad Natak, walkathon, Kavi Sammelan and painting competitions across various NHPC locations.
- The closing ceremony and prize distribution of Hindi Pakhwada 2025 was held on 9th October 2025 at the Corporate Office, Faridabad.

As we prepare to celebrate our 51st Raising Day on 7th November 2025, let us reaffirm our collective commitment to harness renewable energy to create a sustainable and brighter tomorrow. Let us strive together to elevate further the benchmark of excellence in the hydropower and clean energy sectors by giving our best and ensuring timely completion of our under construction projects.

Let us all come together to make our workplace and lives more environmentally responsible; save every drop of water, use electricity wisely, say no to single-use plastic and make cleanliness a way of life. This is the true energy, the true spirit of NHPC.

I extend my warm wishes to you and your family on the auspicious occasion of Guru Nanak Jayanti.

Sincerely Yours,

**(Bhupender Gupta)**
**Chairman & Managing Director**